No of Question – 45

सेट – 3

CLASS - XI

# HINDI (CORE) - A

## (Compulsory)

**Full Marks - 90**

**Pass Marks – 30**

**Time**

**निर्देश – इस प्रश्न–पत्र में 45 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए दो (2) अंक निर्धारित हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य है।**

**खण्ड – (क)**

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा प्रश्न संख्या 1 से 5 का उत्तर दीजिए :**

टूट सकते हैं मगर हम झुक नहीं सकते
सत्य का संघर्ष सत्ता से
न्याय लड़ता निरंकुशता से
अंधेरे ने दी चुनौती है
किरण अंतिम अस्त होती है।
दीप निष्ठा का लिये निष्कंप
व्रज टूटे या उठे भूकंप
यह बराबर का नहीं है युद्ध
हम निहत्थे शत्रु है सज्ज
और पशुबल हो उठा निर्लज्ज

1) सत्ता के साथ संघर्ष किसका होता है?

(A) सत्य (B) असत्य

(C) ज्ञान (D) अज्ञान

2) निरंकुशता से कौन लड़ता है?

(A) अन्याय (B) न्याय

(C) ज्ञान (D) अज्ञान

SET- III rd

XI th / Hindi / core - A / model - 2019 / Page-1 of 10

3) युद्ध में कौन निर्लज्ज हो उठता है?

(A) शत्रु (B) सैनिक

(C) जनता (D) पशुबल

4) 'शत्रु' का पर्यायवाची होगा –

(A) रिपु (B) मित्र

(C) सखी (D) योद्धा

5) प्रस्तुत कविता का शीर्षक बताइए –

(A) निरंकुश शासन (B) सत्य का संघर्ष

(C) निहत्थे शत्रु (D) अंतिम किरण

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा प्रश्न संख्या 6–10 का उत्तर दीजिए :**

भारतीय संस्कृति सबको सुखी और प्रसन्न रखना चाहती है। यह वसुधा को ही कुटुम्ब मानने में विश्वास रखती है। भारतीय संस्कृति का मुख्य उद्देश्य सर्व जन हिताय तथा सर्वजन सुखाय है। इस संस्कृति में कहा गया है कि व्यक्ति जिस रूप में ईश्वर की अर्चना करता है ईश्वर भी उसे उसी रूप में स्वीकार करता है। केवल श्रद्धा सच्ची होनी चाहिए। वैदिक काल से ही भारतीय संस्कृति में ईश्वर के विभिन्न रूपों को मानने की स्वतंत्रता थी जो निरंतर जारी है। यही कारण है कि हमारी संस्कृति में ईश्वर को भिन्न–भिन्न नामों से पुकारा जाता है। भारतीय संस्कृति की एक और विशेषता है कि यह आनंद प्रधान है। इससे हमें सीख मिलती है कि सुख–दुख, लाभ–हानि, विजय–पराजय, उत्थान–पतन, हर्ष–विषाद आदि में मानसिक संतुलन और समभाव बनाए रखना चाहिए। भारतीय संस्कृति अपनी इन्हीं विशेषताओं के कारण आज भी अपने को बचाये हुए है।

6) भारतीय संस्कृति वसुधा को क्या मानने में विश्वास रखती है ?

(A) देश (B) राज्य

(C) कुटुम्ब (D) जिला

7) भारतीय संस्कृति का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

(A) अपने देश की उन्नति (B) व्यक्ति की उन्नति

(C) सर्व जन हिताय सर्व जन सुखाय (D) ईश्वर की अर्चना

8) ईश्वर की भक्ति में किस तत्व का होना आवश्यक है ?

(A) ईश्वरीय ज्ञान (B) आदर भाव

(C) श्रद्धा (D) आनंद

9) भारतीय संस्कृति जीवन का लक्ष्य क्या मानती है ?

(A) मोह (B) आर्थिक स्वतंत्रता

(C) विजय (D) आनंद

10) प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(A) ईश्वर की भक्ति

(B) स्वतंत्रता

(C) भारतीय संस्कृति की विशेषताएँ

(D) मानसिक संतुलन

**खण्ड – ख**

11) निबंध का अंतिम भाग कहलाता है –

(A) भूमिका (B) प्रस्तावना

(C) विषय–विस्तार (D) निष्कर्ष

12) निबंध का एक अति आवश्यक गुण है –

(A) मौलिकता (B) स्वतंत्रता

(C) बाध्यता (D) उत्सर्गता

M (3)

13) 'प्रार्थना–पत्र' में आपका विश्वासी लिखने के बाद किसका हस्ताक्षर होता है ?

(A) प्रेषक का (B) प्राप्तकर्त्ता का

(C) प्राधानाचार्य का (D) संपादक का

14) सर्वप्रथम मुद्रण का प्रारंभ कहाँ हुआ ?

(A) जापान (B) अमेरिका

(C) भारत (D) चीन

15) 'फिल्में' जनसंचार के किस माध्यम के अंतर्गत आता है ?

(A) श्रव्य–माध्यम (B) दृश्य–माध्यम

(C) मुद्रित–माध्यम (D) दृश्य–श्रव्य माध्यम

16) मीडिया की भाषा में बीट किसे कहते है ?

(A) संवाददाताओं के बीच कार्य–विभाजन को

(B) संवाददाताओं के बीच पारिश्रमिक विभाजन को

(C) संवाददाताओं के बीच पद विभाजन को

(D) संवाददाताओं के बीच अवकाश विभाजन को

17) 'संचार' शब्द की उत्पति 'चर' शब्द से हुई है, 'चर' का अर्थ है–

(A) रुकना (B) चलना

(C) बैठना (D) हटना

18) विद्यायल में अवकाश हेतु दिए गए आवेदन में किसे संबोधित किया जाता है ?

(A) पिता जी को (B) संपादक को

(C) प्रधानाचार्य को (D) मित्र को

M (4)

19) आलेख एक विधा है –

(A) गद्य–लेखन का (B) पद्य–लेखन का

(C) लघुकथा–लेखन का (D) रिपोतार्ज लेखन का

20) फीचर में तथ्यों की प्रस्तुती का ढ़ंग ................. होता है –

(A) नीरस (B) व्यापक

(C) मनोरंजक (D) संकुचित

## खण्ड – ग

निर्देश (प्रश्न संख्या 21–23) निम्नलिखित काव्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

प्रतिक्षण नूतन वेश बनाकर रंग–बिरंग निराला।
रवि के सम्मुख थिरक रही है नभ में वारिद–माला
नीचे नील समुद्र मनोहर ऊपर नील गगन है।
घन पर बैंठ, बीच में विचरूँ यही चाहता मन है।

21) प्रस्तुत पंक्तियों के कवि कौन है?

(A) संजय त्रिपाठी (B) सूर्यकांत त्रिपाठी

(C) रामनरेश त्रिपाठी (D) भवानी प्रसाद मिश्र

22) प्रतिक्षण नूतन वेश कौन बदल रहा है?

(A) नील समुद्र (B) नील गगन

(C) वारिंद माला (D) नभ रवि

23) 'रवि के सम्मुख थिरक रही है नभ में वारिद माला' पंक्ति में कौन सा अंलकार है?

(A) उपमा (B) रूपक

(C) अनुप्रास (D) मानवीकरण

24) कबीर के अनुसार ईश्वर की प्राप्ति कैसे संभव है ?

(A) सहज भक्ति द्वारा
(B) साधना द्वारा
(C) कर्मकाण्ड द्वारा
(D) तीर्थाटन द्वारा

25) लोग मीरा को क्या कहते है ?

(A) बाबरी
(B) कुल नाशी
(C) सावरी
(D) दासी

26) घर की याद कविता कवि ने किस दौरान लिखी है ?

(A) विदेश–प्रवास
(B) जेल–प्रवास
(C) तीर्थाटन
(D) पर्यटन

27) त्रिलोचन की 'चंपा काले काले अच्छर नहीं चीन्हती' कविता किसके अंतर्विरोधों को उजागर करती है ?

(A) स्वास्थ्य व्यवस्था
(B) शिक्षा व्यवस्था
(C) खेल व्यवस्था
(D) वैवाहिक व्यवस्था

28) 'कहाँ तो तय था चिरागाँ हरेक घर के लिए' पंक्ति में कवि ने किस ओर इशारा किया है ?

(A) स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद की खुशियों की ओर
(B) स्वतंत्रता प्राप्ति के पहले की खुशियों की ओर
(C) कार्यालय में जलाए गए चिराग की ओर
(D) मंदिर में जलानेवाले दीपक की ओर

29) अक्क महादेवी किसकी अनन्य भक्त हैं ?

(A) अयप्पा स्वामी
(B) कदप्पा स्वामी
(C) सरहप्पा स्वामी
(D) चन्नमल्लिकार्जुन

30) आओ मिलकर बचाएँ कविता मूल रूप में किस भाषा में लिखी गई है?

(A) नागपुरी (B) संथाली

(C) कुड़ुख (D) खोरठा

निर्देश : (प्रश्न संख्या 31–33) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

श्रीनगर की इसी यात्रा में मेरी भेट प्रख्यात फ्रेंच फोटोग्राफर हेनरी कार्तिए ब्रेसाँ से हुई। मेरे [illegible] चित्र देखने के बाद उन्होंने जो टिप्पणी की वह मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने कहा तुम प्रतिभाशाली हो लेकिन प्रतिभाशाली युवा चित्रकारों को लेकर मैं संदेहशील हूँ। तुम्हारे चित्रों में रंग है, भावना है लेकिन रचना नहीं है। तुम्हें मालूम होना चाहिए कि चित्र इमारत की ही तरह बनाया जाता है – आधार नींव दीवारें बीम छत और तब जाकर वह टिकता है। मैं कहूँगा कि तुम सेजा का काम ध्यान से देखो।

31) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

(A) आत्मा का ताप (B) भारत माता

(C) स्पीति में बारिश (D) मियाँ नसीरुद्दीन

32) किसकी भेंट प्रख्यात फ्रेंच फोटोग्राफर हेनरी कार्तिए ब्रेसाँ से हुई?

(A) जवाहर लाल नेहरू (B) सैयद हैदर रजा की

(C) मन्नू भंडारी की (D) बालमुकुंद गुप्ता की

33) लेखक के चित्रों में किसका अभाव है?

(A) रंग (B) भावना

(C) रचना (D) संवेदना

34) स्पीति के इतिहास का एक बड़ा कारक क्या है –

(A) स्पीति का अलंध्य भूगोल (B) स्पीति का शीत

(C) स्पीति की जनगणना (D) स्पीति की घाटियाँ

35) गलता लोहा का मोहन किसका चहेता शिष्य था ?

(A) त्रिलोक सिंह (B) नागा सिंह

(C) गोपाल सिंह (D) परदेश सिंह

36) 'भारत माता' पाठ किस पुस्तक का अंश हैं ?

(A) विश्व इतिहास की झलक (B) इतिहास के महापुरुष

(C) हिन्दुस्तान की कहानी (D) मेरी कहानी

37) 'दूध का दाम' किसकी रचना है ?

(A) प्रेमचंद (B) जयशंकर प्रसाद

(C) जैनेन्द्र (D) यशपाल

38) मियाँ नसीरुद्दीन ने किस्म-किस्म की रोटी बनाने का इल्म किससे सीखा था ?

(A) खालाजान से (B) वालिद उस्ताद से

(C) घड़ी साज से (D) मीनासाज से

39) सत्यजित राय की फिल्म 'पाथेर पांचाली' में इंदिरा ठाकरून की भूमिका किसने निभाई ?

(A) चुन्नीबाला देवी (B) रासबाला देवी

(C) शूरबाला देवी (D) सरिताबाला देवी

40) 'विदाई संभाषण' शीर्षक निबंध की शैली क्या है ?

(A) व्यंग्यात्मक (B) विवेचनात्मक

(C) विश्लेषणात्मक (D) तथ्यात्मक

41) लता मंगेशर के गाने में उच्चरण की क्या विशेषता है ?

(A) मधुर उच्चारण (B) नादमय उच्चार

(C) निर्मल उच्चारण (D) पवित्र उच्चारण

42) कुंई की चिनाई करने के लिए किस घास का उपयोग किया जाता हे ?

(A) खींप घास (B) दूब घास

(C) जूट (D) बेलबेट घास

43) पालर पानी किसे कहते है ?

(A) भूजल (B) बरसात से मिलने वाला पानी

(C) खड़िया पट्टी का पानी (D) नल का पानी

44) आलो–आँधारि गद्य किस विधा की रचना है ?

(A) उपन्यास (B) नाटक

(C) एकांकी (D) आत्मकथा

45) बेबी हालदार क्या कार्य करती थी ?

(A) फल बेचने का (B) सब्जी बेचने का

(C) घरेलू नौकरानी का (D) खेती करने का

M(9)

सेट – 3

## उत्तर कुंजी

### वर्ग –

| प्रश्न सं0 | सही उत्तर | प्रश्न सं0 | सही उत्तर |
|---|---|---|---|
| 1 | A | 21 | C |
| 2 | B | 22 | C |
| 3 | D | 23 | D |
| 4 | A | 24 | A |
| 5 | B | 25 | A |
| 6 | C | 26 | B |
| 7 | C | 27 | B |
| 8 | C | 28 | A |
| 9 | D | 29 | D |
| 10 | C | 30 | B |
| 11 | D | 31 | A |
| 12 | A | 32 | B |
| 13 | A | 33 | C |
| 14 | D | 34 | A |
| 15 | D | 35 | A |
| 16 | A | 36 | C |
| 17 | B | 37 | A |
| 18 | C | 38 | B |
| 19 | A | 39 | A |
| 20 | C | 40 | A |
| | | 41 | B |
| | | 42 | A |
| | | 43 | B |
| | | 44 | D |
| | | 45 | C |